हरिभूमि


# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 19 फरवरी 2026

04 अनाथ हुए मासूम बच्चों के लिए जनता उतरी सड़क...



05 चीतों का कुनबा बढ़ा, दूसरी बार मां बनी गामिनी...





**खबर संक्षेप**

### असंगठित श्रमिकों के लिए मासिक पेंशन हेतु पंजीयन शुरू

**सागर**। भारत सरकार द्वारा लागू की गई प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना है। इस योजना के तहत पात्र श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर उसे तीन हजार रूपए प्रतिमाह की पेंशन दी जाती है। जिन श्रमिकों की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच और मासिक आय 15 हजार रूपए या उससे कम है वे इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इस योजना में श्रमिक द्वारा जितनी राशि का अंशदान किया जाता है उतनी ही राशि का अंशदान केन्द्र सरकार द्वारा जमा किया जाता है। रिक्शा चालक, रेहड़ी पटरी विक्रेता, घरेलू कामगार, निर्माण श्रमिक, कृषि श्रमिक, कूड़ा बीनने वाले, मोची, दर्जी धोबी, नाई सहित अन्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिक इस योजना में पंजीयन कराकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। पंजीयन की प्रक्रिया निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से की जा सकती है। सहायक श्रम आयुक्त, सागर ने जिले के सभी असंगठित श्रमिकों से अपील की है कि वे इस जनकल्याण कारी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। पंजीयन हेतु 16 फरवरी से 15 मार्च तक विशेष अभियान कॉमन सर्विस सेंटरों के माध्यम से संचालित किया जा रहा है।

### खुरई एवं गढ़ाकोटा में विशेषज्ञ महिला चिकित्सा अधिकारी पदस्थ

**सागर**। कलेक्टर संदीप जी.आर. के प्रयासों का असर लगातार देखने को मिल रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में स्वास्थ्य विभाग में महिलाओं एवं गर्भवती माताओं की उचित देखभाल एवं समय पर स्वास्थ्य परीक्षण हो सके तथा सभी जांच हो सकें, इसके लिए खुरई एवं गढ़ाकोटा में विशेषज्ञ महिला डॉक्टरों की पदस्थापना की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरी ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशों के अनुसार कार्य करते हुए यह बड़ी उपलब्धि सागर जिले के लिए प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत खुरई एवं गढ़ाकोटा में विशेषज्ञ महिला चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरी ने बताया कि मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सिविल अस्पताल खुरई एवं सिविल अस्पताल गढ़ाकोटा में एफआरयू क्रियाशील करते हुए डॉ. पूजा कुर्मी (पीजीएमओ ओबीजीवाई) की पदस्थापना खुरई एवं डॉ. शेफाली असाटी (पीजीएमओ ओबीजीवाई) की पदस्थापना गढ़ाकोटा में की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरी के प्रयासों से राज्य स्तर पर एफआरयू क्रियाशील हेतु सतत समन्वय स्थापित कर एफआरयू में विशेषज्ञ चिकित्सकों की पूर्ति हेतु अथक प्रयास किए गए, जिसके परिणामस्वरूप एफआरयू खुरई एवं गढ़ाकोटा में पीजीएमओ की पदस्थापना हुई।

### स्वरोजगार हेतु ऋण आवेदन आमंत्रित

**सागर**। म.प्र.शासन की अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक उत्थान हेतु संचालित डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजनान्तर्गत जिले में बैंक के माध्यम से स्वरोजगार हेतु ऋण व शासन द्वारा ब्याज अनुदान सहायता का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना योजनांतर्गत सभी प्रकार के स्वरोजगार हेतु राशि रू. 10,000/- से 1,00,000/- रूपये तक की बैंक सहायता प्रदान की जायेगी।ब्याज अनुदान योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित जोन पर 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षों तक नियमित ऋण भुगतान पर दिया जाएगा।

**मुक्तागिरी में मुनि दीक्षा आज**

# मोक्ष मार्ग के लिए लाखों के पैकेज छोड़े, मुनिदीक्षा ले रहे इंजीनियर और सीए, इनमें 5 सागर के

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

चार्य श्री विद्यासागर महाराज की समाधि के बाद आचार्य श्री समय सागर महाराज के द्वारा पहली बार मुनि दीक्षा 19 फरवरी को हो रही है लाखों रुपए का पैकेज छोड़ा और वैराग्य के मार्ग पर चलने के लिए आतुर मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की बॉर्डर पर स्थित प्रसिद्ध जैन तीर्थक्षेत्र मुक्तागिरी जिला बैतूल में हो रही मुनि दीक्षा में 24 दीक्षार्थियों में से पांच दीक्षार्थी सागर के निवासी हैं। मुनि सेवा समिति के सदस्य मुकेश जैन ढाना ने बताया कि वर्तमान में आचार्य संघ में ऐलक और छुल्लक महाराज के रूप में दीक्षित 23 साधु मुक्तागिरी में दीक्षा का इंतजार कर रहे हैं। इनमें उच्च शिक्षित 2 सीए, 8 सॉफ्टवेयर इंजीनियर,1 प्रोफेसर, 1 कंपनी सेक्रेट्री, 2 एमबीए के अलावा लगभग सभी दीक्षार्थी ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट है। सागर के एक दीक्षार्थी ने बीएसएनएल की सरकारी इंजीनियर की नौकरी छोड़ी, तो 8 सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे, दो सीए, एक कंपनी सेक्रेट्री, 2 एमबीए शिक्षित वैराग्य के मार्ग पर चलने के लिए लाखों रुपए के पैकेज का वेतन और घर द्वार छोड़कर के मुनि दीक्षा लेने मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की बॉर्डर पर स्थित प्रसिद्ध जैन तीर्थ क्षेत्र मुक्तागिरी जिला बैतूल पहुंच चुके हैं। मुक्तागिरी की यह पावन भूमि 11 फरवरी 1998 को आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के कर कमलों से 10 मुनि दीक्षाओं के साथ पवित्र हुई थी 27 वर्ष बाद पुनः आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य विद्या शिरोमणि आचार्य श्री समय सागर महाराज के कर कमलो से लगभग 24 मुनि दीक्षाएं होने जा रही हैं। इन 24 दीक्षा में पांच दीक्षार्थी सागर के रहने वाले हैं इनके अलावा इंदौर, गुना, जबलपुर, भोपाल, सतना,विदिशा, कटंगी, दमोह, गोटेगांव, गंजबासौदा, के अलावा फिरोजपुर पंजाब, फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश, वर्धा महाराष्ट्र, अमरावती महाराष्ट्र, सहारनपुर, पटना बिहार, आदि स्थानों के है। सभी दीक्षार्थियो के परिवारजन और रिश्तेदार सहित देशभर से लोग मुक्तागिरी पहुंच रहे हैं। बाल ब्रह्मचारी प्रतिष्ठाचार्य विनय भैया बंडा भी इन दीक्षार्थियों को विधि विधान से दीक्षित करने में सहयोगी बनेंगे।

### ऐलक श्री उचित सागर महाराज

नाम मयूर जैन, 25/6/1993, जन्म-सुरखी (सागर) शिक्षा बी काम, आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत 19/2/201, घर त्याग और संघ में प्रवेश 14/10/ 2020, छुल्लक दीक्षा 20/2/22, ऐलक दीक्षा 30/3/25, वावस्था से ही धर्म के प्रति रुचि थी सुरखी ग्राम से मुनि संघ और आर्यिका संघो के विहार के दौरान सुरखी में प्रवासरत रहते थे सभी संघो की सेवा करने में मयूर भैया बहुत आगे रहते थे। वर्तमान में उनका परिवार बाहुबली कॉलोनी सागर में निवास रहे थे

### छुल्लक श्री स्वरूप सागर महाराज

इंजी पुनीत जैन सॉफ्टवेयर इंजीनियर 24 लाख का पैकेज छोड़ा, जन्मतिथि 18/11/ 1989 शाहगढ शिक्षा बीई, आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत 30/5/2018, घर त्याग 27/9/2022 छुल्लक दीक्षा 21/12/22, उनके ग्रहस्थ अवस्था के के पिता स्टेट बैंक से रिटायर्ड डिप्टी मैनेजर हरिश्चंद्र जैन ने बताया कि युवावस्था से ही वैराग्य का मन था और आचार्य श्री के आशीर्वाद से उन्हें ब्रह्मचारी भैया के रूप संघ में शामिल किया गया। छुल्लक दीक्षा के बाद मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज के साथ कुछ समय पूर्व तक संघस्थ रहे हैं।

### छुल्लक श्री गहन सागर महाराज

इंजी राजेश जैन एसडीओ बीएसएनएल सागर, जन्मतिथि 28/5/1980-सागर , शिक्षा एम टैक, आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत 10/5/2009, घर त्याग 12/8/20, छुल्लक दीक्षा 20/2/22, ऐलक दीक्षा 30/3/25, उनके ग्रहस्थ अवस्था के बड़े भाई शासकीय शिक्षक महेंद्र जैन ने बताया कि 28 मई 1980 को हमारे घर आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का पडगाहन हुआ था और शाम 7:10 पर राजेश जी का जन्म हुआ था। युवावस्था से ही वैराग्य का मन था और आचार्य श्री के आशीर्वाद से उन्हें निर्यापक मुनि श्री समय सागर महाराज जी के संघ में ब्रह्मचारी भैया के रूप में शामिल किया गया। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का उपकार पूरे परिवार पर रहा है।

### ऐलक श्री औचित्य सागर महाराज

घर का नाम-राहुल जैन, जन्म 9/10/1988, शिक्षा बीई, नौकरी इंजीनियर कॉग्निजेंट कंपनी पुणे ब्रह्मचर्य व्रत 2011 में, छुल्लक दीक्षा 2022 में कुंडलपुर महोत्सव आचार्य श्री विद्या सागर महाराज द्वारा, ऐलक दीक्षा आचार्य समय सागर जी द्वारा कुंडलपुर में 2025 में, ग्रहस्थ अवस्था के भाई वसंत जैन सीहोरा ने बताया कि ग्रहस्थ अवस्था के बड़े भाई मनीष जैन आचार्य श्री विद्या सागर महाराज से 16 अक्टूबर 2014 को दीक्षित हुए मुनि श्री श्रमण सागर महाराज की प्रेरणा से वैराग्य की ओर उनका मन बढ़ता गया।

### छुल्लक श्री मगन सागर महाराज

नाम संदीप जैन (राजा भैया), जन्म खिमलासा शिक्षा मैट्रिक पास, व्यापार जनरल स्टोर, आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत 2001, घर त्याग 2018, छुल्लक दीक्षा 20/2/ 2022 कुंडलपुर , बैराग्य का कारण पारिवारिक पृष्ठभूमि धार्मिक और मुनि संघों से जुड़ी हुई है। पिता का नाम कोमल चंद मोदी, माता का नाम चंपा बाई जैन, भाई का नाम प्रदीप कुमार जैन।



## कुलपति ने किया सिंथेटिक टेनिस कोर्ट का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में आई टी एफ अप्रूव्ड सिंथेटिक टेनिस कोर्ट विथ फ़्लड लाइट एवं चैनलिंक फ़ैंस का निर्माण किया जा रहा है । उक्त कोर्ट का कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने भूमि पूजन किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि टेनिस कोर्ट की सुविधा शुरू होने से भविष्य में विश्वविद्यालय के खिलाड़ी टेनिस खेल में भी अपना कौशल दिखा पायेंगे और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगे. उन्होंने कहा कि खेल जीवन और स्वास्थ्य का अनिवार्य हिस्सा है. विद्यार्थी अध्ययन के साथ खेल में भी अपनी प्रतिभा का परिचय लगातार दे रहे हैं।

उन्होंने आगे अन्य खेलों की सुविधाओं को भी बढ़ाए जाने की भी बात कही. भूमि पूजन के अवसर पर निदेशक शारीरिक शिक्षा विभाग डॉ. विवेक बी साठे, इंजीनियर राहुल गिरी गोस्वामी, सहायक निदेशक डॉ. सुमन पटेल, महेंद्र कुमार, इंजीनियर सोहिल कुरैशी, डॉ. मनोज जैन, डॉ. रंजन मोहंती, दीपक दुबे, अनिल ब्राह्मण कर एवं विभाग के समस्त विद्यार्थी और कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## ज्ञान है सच्ची संपत्ति, निःस्वार्थ कर्म ही जीवन की सफलता का आधारः अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



ग्राम नेतना में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान युवा नेता अविराज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मनुष्य को बिना स्वार्थ और मोह के निरंतर अपना कर्म करते रहना चाहिए। कर्म ही श्रेष्ठ है और निष्ठा के साथ किया गया परिश्रम भाग्य की रेखाओं को भी बदल देता है। उन्होंने कहा कि कई बार हम सोचते हैं कि यह हमारे भाग्य में नहीं है, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण का संदेश स्पष्ट है कि कर्म करते रहिए, फल की चिंता मत कीजिए। भाग्य स्वयं आपका साथ देगा। अविराज ने श्रीमद्भगवद्गीता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। जो व्यक्ति निःस्वार्थ भाव से कार्य करता है, प्रभु भी उसका साथ देते हैं। उन्होंने कहा, कि धन की रक्षा हमें करनी पड़ती है, लेकिन ज्ञान ऐसी संपत्ति है जो स्वयं हमारी रक्षा करता है।" साथ ही उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा, "यदि सूर्य की तरह चमकना है तो सूर्य की तरह तपना भी पड़ेगा। बिना संघर्ष के जीवन में प्रगति संभव नहीं है। अविराज सिंह ने कहा कि मनुष्य को बिना स्वार्थ और मोह के निरंतर अपना कर्म करते रहना चाहिए। कर्म ही श्रेष्ठ है और निष्ठा के साथ किया गया परिश्रम भाग्य की रेखाओं को भी बदल देता है। उन्होंने कहा, "कई बार मनुष्य यह सोचकर निराश हो जाता है कि यह हमारे भाग्य में नहीं लिखा है, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण का संदेश स्पष्ट है - कर्म करते रहिए, फल की चिंता मत कीजिए। भाग्य स्वयं आपका साथ देगा।अविराज सिंह ने आगे कहा कि धन की रक्षा हमें करनी पड़ती है, लेकिन ज्ञान ऐसी संपत्ति है जो स्वयं हमारी रक्षा करता है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा, "यदि सूर्य की तरह चमकना है तो सूर्य की तरह तपना भी पड़ेगा। बिना संघर्ष के जीवन में प्रगति संभव नहीं है। ठहरा हुआ पानी और ठहरा हुआ जीवन दोनों ही खराब हो जाते हैं, इसलिए निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सतयुग में महीनों और वर्षों तक किए गए पूजा-पाठ से जो फल प्राप्त होता था, कलियुग में वही फल प्रभु की कथा सुनने मात्र से मिल जाता है। विशेष रूप से श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से मन में विनम्रता का भाव उत्पन्न होता है।

**आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल" का भगतसिंह एवं वल्लभ नगर वार्ड का 12वां शिविर संपन्न**

# नागरिकों की समस्याओं के साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने की कार्रवाई की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




महापौर संगीता सुशील तिवारी के निर्देशानुसार नगर निगम सागर द्वारा नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के समाधान हेतु संचालित जनहितकारी पहल "आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल" के अंतर्गत भगतसिंह एवं वल्लभ नगर वार्ड का संयुक्त 12वां शिविर महाकवि पद्माकर सभागार में आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याएँ दर्ज कराईं, जिनमें से अनेक का निराकरण मौके पर ही किया गया तथा शेष आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

शिविर में महापौर संगीता सुशील तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी, एम.आई.सी. सदस्य विनोद तिवारी, शैलेन्द्र ठाकुर, धमेंद्र खटीक, राज कुमार पटेल, संगीता शैलेष जैन, पार्षद प्रतिनिधि नरेश धानक, विशाल खटीक एवं संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष रिशांक तिवारी की उपस्थिति में नागरिकों की समस्याओं के निराकरण की कार्रवाई की गई।

महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि भगतसिंह एवं वल्लभ नगर वार्ड का संयुक्त शिविर आयोजित कर नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के साथ-साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र नागरिकों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में गरीबों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, इसलिए सभी पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

महापौर ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि अपने वार्ड एवं मोहल्ले को स्वच्छ रखने में सहयोग करें तथा घरों से निकलने वाले कचरे को कचरा वाहन में ही दें, सड़कों पर न डालें।

महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी ने कहा कि नगर निगम द्वारा अब तक 12 शिविर आयोजित कर नागरिकों की समस्याओं के निराकरण की कार्रवाई की जा चुकी है। जो लोग निगम कार्यालय नहीं पहुँच पाते, उन्हें वार्ड स्तर पर शिविर के माध्यम से लाभान्वित करने की पहल की जा रही है।

एम.आई.सी. सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर ने कहा कि महापौर द्वारा चुनाव के समय लिया गया संकल्पकृजनता की समस्याओं का समाधान उनके वार्ड में ही करनेकृको निरंतर पूरा किया जा रहा है। इसी सोच के कारण वार्डों में शिविर आयोजित कर नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है।

एम.आई.सी. सदस्य धमेंद्र खटीक ने कहा कि महापौर द्वारा पहली बार इस प्रकार के शिविर आयोजित कर नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण की पहल की जा रही है, जो सराहनीय है। उन्होंने नागरिकों से शिविरों में उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की।

शिविर में वृद्धावस्था पेंशन, कल्याणी पेंशन, संबल कार्ड, समग्र आईडी, राशन पर्ची, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्ट्रीट लाइट, प्रकाश व्यवस्था, अतिक्रमण, लोक निर्माण, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ तथा राजस्व विभाग अंतर्गत संपत्तिकर, जलकर एवं कचरा प्रबंधन शुल्क से संबंधित आवेदनों पर कार्यवाही की गई। अनेक नागरिकों द्वारा मौके पर कर एवं शुल्क की राशि भी जमा की गई। प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### कृषि और किसान हितों को समर्पित बजट प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगाः भूपेन्द्र सिंह



**सागर**। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पूरी तरह से कृषि और किसान हितों को सर्वोपरि रखते हुए तैयार किया गया है। युवाओं के लिए रोजगार सृजन, कौशल विकास और सामाजिक सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में भी ठोस प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट दूरदर्शी, संतुलित और विकासोन्मुख है। उन्होंने कहा कि मैं इस बजट के लिए मुख्यमंत्री और वित्त विभाग को हार्दिक बधाई देता हूँ। यह बजट निश्चित रूप से मध्यप्रदेश को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने मध्य प्रदेश के इस ऐतिहासिक बजट को राज्य के भविष्य का मजबूत रोडमैप बताते हुए कहा कि यह केवल आय-व्यय का दस्तावेज नहीं, बल्कि विकसित मध्य प्रदेश 2047 की दिशा में ठोस और दूरदर्शी कदम है। सिंह ने विशेष रूप से किसानों के लिए मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना हेतु लगभग 5,500 करोड़ के प्रावधान का स्वागत करते हुए कहा कि इससे लगभग 82 लाख किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और कृषि निवेश को नई गति मिलेगी। रोजगार और कौशल विकास पर विशेष जोर को युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए उन्होंने कहा कि यह बजट अवसरों का विस्तार करेगा। महिलाओं और छात्रों के लिए सामाजिक योजनाओं के प्रावधान को सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में निर्णायक बताया। स्वास्थ्य क्षेत्र में अस्पतालों के इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार और सेवाओं को मजबूत करने की पहल को जनकल्याणकारी बताते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण और व्यावसायिक कौशल पर दिया गया बल प्रदेश को प्रतिस्पर्धी बनाएगा। सड़क नेटवर्क, शहरी और ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर, भोपाल-इंदौर मेट्रो विस्तार तथा सिंहस्थ-2028 की तैयारियों जैसे प्रावधानों को विकास के इंजन की संज्ञा देते हुए श्री सिंह ने कहा कि यह बजट संतुलित, समावेशी और वित्तीय अनुशासन पर आधारित है, जो कर्ज प्रबंधन की स्पष्ट रणनीति के साथ प्रदेश को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का सामर्थ्य रखता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह बजट आमजन, किसान, युवा और उद्यमियों सभी के लिए नए अवसरों का द्वार खोलेगा और मध्य प्रदेश को विकास की तेज रफ्तार पर आगे बढ़ाएगा।

### किसानों, नारी शक्ति, नौजवानों आदि से किए गए चुनावी वादों को बजट में नही मिला स्थानः सुरेन्द्र चौधरी



प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा पेश किये गये बजट पर प्रतिक्रिया देते हुये वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि जो बजट पेश किया है उसमें सिर्फ बातों के बताशे बनाए गए हैं और जनहित के मुद्दे पूरी तरह नदारत है। नवंबर 2023 में हुए विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश के अन्नदाता किसानों,नारी शक्ति,नौजवानों और सभी वर्गों से किए गए चुनावी वादे जिनमें किसानों को धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3100 रुपया प्रति क्विंटल,किसानों को गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2700 रुपया प्रति क्विंटल,लाड़ली बहना योजना में महिलाओं को प्रति महीने 3 हज़ार रुपया और घरेलू गैस सिलेंडर 450 रुपये में,को बजट में कोई स्थान नहीं दिया गया जिससें यह स्पष्ट होता हैं कि भाजपा सरकार ने बजट में प्रदेश की जनता के हित को ध्यान नही रखा हैं।इसके अलावा वित्त मंत्री ने यह भी स्पष्ट नहीं किया कि पिछले बजट में जो घोषणाएं की गई थीं, उनको पूरा क्यों नहीं किया गया।इस बजट से प्रदेशवासियों को निराशा हांथ लगी हैं।

### डॉ मोहन यादव सरकार का बजट सर्व समावेशी बजट है : प्रदीप राजौरिया



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश पैनलिस्ट प्रवक्ता प्रदीप राजौरिया ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत बजट सभी वर्ग के लोगों को लाभान्वित करने वाला बजट है बजट में गरीब, युवा, किसान, मातृशक्ति, सहित सभी वर्ग के लोगों के हितों को ध्यान रखकर उन्हें लाभान्वित करने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है इस बजट में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की प्रभावी आर्थिक नीतियों पर चलते मध्य प्रदेश के प्रति व्यक्ति की आय पिछले दो वर्षों की तुलना 141000 से बढ़कर अब 169000 हो गई है प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति की आय में 19.25% की आय में वृद्धि हुई है सही मायने में मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की डॉ मोहन यादव की सरकार का यह बजट हर वर्ग को सशक्त एवं समृद्ध बनाने वाला सर्वसमावेशी बजट है।

## कर्मचारी मंच ने बजट को बताया 'खोखले वादों का पुलिंदा'

विधानसभा में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत बजट को मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच ने खोखले वादों का बजट निरूपित किया है। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रन्तीय महामंत्री राजूशीलयादव ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि यह बजट प्रदेश की आम जनता के साथ छलावा है और कर्मचारी मजदूर विरोधी है। सरकार ने 438 317 करोड रुपए का बजट प्रस्तुत किया है 74 हजार करोड़ रुपये से अधिक का राजकोषीय घाटा वाले बजट में घोषित योजनाओं को पूरा करने के लिए पैसा कहां से आएगा? यह बजट सिर्फ घोषणाओं का पुलिंदा है। सरकार ने किसानों की आय दुगनी करने का वादा किया गया था, लेकिन बजट में इस पर कोई स्पष्ट नीति, योजना या समयसीमा नहीं है। यादव नेकहा कि बजट में युवाओं की नौकरी और भर्ती पर चुप्पी है ।प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवाओं को उम्मीद थी कि भर्ती, नई नौकरियों और रोजगार सृजन पर ठोस प्रावधान होंगे, लेकिन बजट में इस पर कोई ठोस घोषणा नहीं की गई। संविदा भर्ती की बात कही गयी है इससे नौकरी पाने वाले पर हमेशा तलवार लटकी रहेगी। मंच के प्रान्तीय महामंत्री ने कहा कि बजट में कर्मचारियों के महंगाई भत्ते पर कोई बात नहीं की गई।प्रदेश के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी को लेकर बजट में कोई प्रावधान नहीं है। यह कर्मचारियों के साथ अन्याय है। उन्होंने बजट में. बिजली दरों में राहत नहीं देने पर रोष जताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिजली की दरें कम करने पर कोई घोषणा नहीं की है। आम जनता महंगे बिलों से परेशान है, लेकिन सरकार ने बजट में उसे कोई राहत नहीं दी।मंच के प्रान्तीय महामंत्री राजूशील यादव ने बजट को विकास की जगह भ्रम का दस्तावेज बताया। इसमें झूठे आंकड़े पेश कर जनता को गुमराह करने की कोशिश की गई है। प्रदेश की जनता इस छलावे को समझ चुकी है और समय आने पर जवाब देगी।

### शासन प्रशासन से की पालन पोषण के लिए आर्थिक मदद देने की मांग

# अनाथ हुए मासूम बच्चों के लिए जनता उतरी सड़क पर, लगाया जाम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

भीषण दुर्घटना में अपने माता पिता को खोने के बाद अनाथ हुए मासूम बच्चों के पालन पोषण के लिए आर्थिक मदद देने की मांग को लेकर जनता ने सड़क पर उतरकर ऐसा प्रदर्शन किया कि दो जिलों को मिलाने वाली सड़क ही जाम हो गई। उक्त दुर्घटना में बच्चों ने अपने माता पिता को तो खोया ही, साथ ही पीड़ित बेटे का पैर भी कुचल गया। इस दृश्य को देखकर जनता का भी दिल पसीज गया जो एक दिन बाद आक्रोश के रूप में बाहर निकला। जनता की मांग पर प्रशासन ने ज़ब पीड़ति बच्चो शासन की लाभकारी योजनाओं का लाभ दिलाने सहित अन्य आश्वासन भी दिए, तब सड़क पर लगा जाम खुल पाया और यातायात सुचारु रूप से नियमित हो सका।

## पिकअप से कुचलकर हुई थी माता पिता की मौत, बेटे का कुचला पैर

मंगलबार 17 फ़रवरी के दिन बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डारगुवां और देवरदा के बीच ज़ब ग्राम बरमे के रहने वाले 45 वर्षीय गणेश लोधी और उनकी 40 वर्षीय पत्नी कल्लूबाई बाइक पर सवार होकर अपने बेटे आशीष और भतीजी राजकुमारी के साथ सातखेरा गांव जा रहे थे। इसी दौरान बल्देवगढ़ की ओर से आ रहे पिकअप वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। पिकअप की टक्कर इतनी भयानक थी कि दंपति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। उक्त हादसे में 8 साल के आशीष का पैर बुरी तरह कुचल गया, वहीं राजकुमारी को भी गंभीर चोटें आई। घटना के बाद पिकअप चालक मौके से भाग निकला। सूचना मिलने पर एफआरबी 112 मौके पर पहुंची और घायलों को बल्देवगढ़ स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने पिकअप वाहन को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी थी। मृतक गणेश के परिवार में एक बेटा और तीन बेटियां हैं। पति-पत्नी के शवों को बल्देवगढ़ स्वास्थ्य केंद्र के मर्चुरी में रखा गया था, लेकिन फिर अगले दिन बुधवार 18 फ़रवरी को जनता ने उक्त शव को मर्चुरी से लें जाकर सड़क पर रखकर जाम लगाया।

### शव रखकर की दो जिलों को मिलाने वाली सड़क जाम, मिला आश्वासन

जिले के बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम हुए सड़क हादसे में एक दंपती की मौत के एक दिन बाद बुधवार को परिजनों और ग्रामीणों ने टीकमगढ़-छतरपुर मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। जाम लगाने बाले प्रदर्शनकारी पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग कर रहे थे। उक्त जाम के कारण टीकमगढ़-छतरपुर मार्ग पर आवागमन थम गया था। स्थानीय लोगो ने ने बताया कि मृतक दंपति की तीन बेटियां और एक बेटा है, जिनकी देखभाल के लिए अब कोई नहीं है। उक्त जाम की सूचना मिलते ही बल्देवगढ़ तहसीलदार अनिल गुप्ता और थाना प्रभारी प्रीति भार्गव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी प्रीति भार्गव ने परिजनों को शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। एबं तहसीलदार अनिल गुप्ता ने पीड़ति परिवार की एक बच्ची को नौकरी दिलाने के लिए भी प्रयास करने का भरोसा दिलाया। अधिकारियों के द्वारा उक्त आश्वासन दिए जाने के बाद प्रदर्शन समाप्त किया गया।

### वाहन जांच अभियान में वसूला 11 हजार से अधिक का जुर्माना

# 216 वाहनों की हुई जांच, 40 वाहन चालकों पर की चालानी कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देश पर शहर के मुख्य चौराहों पर यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा पर जीरो टॉलरेंस अपनाते हुए सख्त कार्यवाही करते हुए 40 वाहन चालकों के विरुद्ध यातायात नियमों के उलंघन के तहत कार्यवाही की गई। साथ ही 11 हजार रूपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया। इस दौरान 216 वाहनों की जांच की गई।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के स्पष्ट एवं कड़े निर्देशों के अनुपालन में जिले में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रभावी पालन हेतु विशेष सघन वाहन जांच अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात अनुशासन को सुदृढ़ करना, दुर्घटनाओं की संभावनाओं को न्यूनतम करना तथा नागरिकों में जिम्मेदार वाहन संचालन की भावना विकसित करना है। पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा समस्त थाना प्रभारियों, राजपत्रित अधिकारियों एवं यातायात शाखा को निर्देशित किया गया है कि औचक एवं प्रभावी चेकिंग के माध्यम से नशे की अवस्था में वाहन संचालन, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग, बिना वैध दस्तावेज तथा अन्य नियम उल्लंघनों पर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए। 17 फरवरी को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों एवं यातायात थाना द्वारा प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर विशेष चेकिंग पॉइंट स्थापित कर व्यापक वाहन जांच की गई। इस अभियान के दौरान कुल 216 वाहनों की जांच की गई, जिनमें 40 वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन पाया गया। नियम उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार कुल 11 हजार 400 रूपये का अर्थदंड भी बसूल किया गया। इस कार्रवाई से पुलिस द्वारा स्पष्ट संदेश दिया गया है कि यातायात नियमों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। अभियान के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों एवं एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं की आवाजाही निर्बाध बनी रहे। जिला पुलिस द्वारा नागरिकों से अपील करते हुए कहा गया कि यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित, संयमित एवं जिम्मेदार वाहन संचालन करें।

### पुलिस अधीक्षक मंडलोई के निर्देशन में बुढ़ेरा पुलिस की त्वरित कार्रवाई

# गायब की गई नाबालिग लड़की को 24 घंटे में ही ढूंढा पुलिस ने




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले से गायब की गईं नाबालिग लड़कियों व महिलाओं का शीघ्रता से पता लगाकर देश के विभिन्न राज्यों से मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी सहायता से सुरक्षित वापसी कराने का अभियान पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा निरंतर जारी है। जिसके परिणाम स्वरुप जिले की बुडेरा थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे में ही एक नाबालिग का पता लगाकर उसे सकुशल परिजनों के हवाले करने में सफलता प्राप्त की है। उक्त नाबालिग लड़की को 16 फ़रवरी को बहला फुसलाकर गायब किया था। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के कुशल निर्देशन में जिले में गुमशुदा नाबालिग बालिका व बालकों का शीघ्रता से पता लगाने के लिये विशेष अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में प्रभावी मुखबिर तंत्र विकसित करने, तकनीकी साक्ष्य संकलित करने तथा प्रत्येक प्रकरण में त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में थाना बुडेरा में 16 फ़रवरी को एक फरियादी द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री कुमारी सुहानी परिवर्तित नाम को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई गई। उक्त सूचना पर थाना बुडेरा में धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह एवं एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बुडेरा उप निरीक्षक मनोज यादव के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम द्वारा तत्परता, तकनीकी संसाधनों एवं मुखबिर सूचना के प्रभावी उपयोग से कार्यवाही करते हुए अपहत नाबालिग बालिका का 24 घंटे के भीतर सकुशल पता कर लिया गया। विधिक प्रावधानों के अनुरूप अपहर्ता के कथन धारा 180 बीएनएसएस एवं धारा 183 बीएनएसएस के अंतर्गत न्यायालय में दर्ज कराए गए। समस्त वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत नाबालिग बालिका को सुरक्षित रूप से उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बुडेरा उप निरीक्षक मनोज यादव, प्रधान आरक्षक मुन्नालाल प्रजापति, आरक्षक जितेन्द्र चन्देल, ऋषि प्रताप, महिला आरक्षक अनुशा बुंदेला एवं मोहनी खंगार का विशेष योगदान रहा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2026 में पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा अब तक 17 नाबालिग बालिकाओं एवं 4 नाबालिग बालकों को देश के विभिन्न राज्यों एवं महानगरों से मुखबिर सूचना एवं तकनीकी सहायता के माध्यम से सकुशल दस्तयाब कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया जा चुका है। यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी है। जिला पुलिस द्वारा नागरिकों से अपील करते हुए कहा गया है कि किसी भी नाबालिग की गुमशुदगी अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल निकटतम पुलिस थाना अथवा डायल-112 पर प्रदान करें, ताकि त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

### गंदगी फैलाने वालों पर की गई चालानी कार्रवाई

# ठेले व दुकानदारों के विरुद्ध आर्थिक चोट देते हुए दी गई नसीहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

नगर में गंदगी फैलाने पर नगर परिषद के द्वारा ठेले वालों एवं दुकानदारों को कई बार समझाइश दी गईं लेकिन इसके बाबजूद भी ज़ब सकारात्मक नतीजा नहीं निकला तब नगर परिषद द्वारा नगर के ठेले वालों व दुकानदारों को आर्थिक चोट देते हुए उनके विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई। नगर परिषद पलेरा में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत पथ विक्रेताओं व दुकानदारों को डस्टबिन वितरण किया। इसके उपरांत मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवी उपाध्याय के निर्देशन में गंदगी फैलाने वालों पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही इस दौरान समझाइश भी दी गई कि कोई भी व्यक्ति अपनी दुकान के आसपास गंदगी ना फैलाएं गंदगी पाए जाने पर सख्त चालानी कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान नगर परिषद ने नागरिको को जागरूक करते हुये कहा कि यह शहर आपका है। इसलिए शहर की स्वच्छता को कायम रखना भी हम सबकी जिम्मेदारी है। शहर को स्वच्छ रखने के लिए डस्टविन का उपयोग किया जाये। साथ ही दूसरों को भी इसके लिये जागरूक करने का प्रयास किया जाये। जिससे अपना नगर स्वच्छ और सुंदर रहे। साथ ही गंदगी की वजह से नगर को बीमारियों से बचाया जा सके। नगर परिषद कर्मचारियों ने ठेले वालों व दुकानदारों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए कहा कि अगर आगे से पुनः गंदगी फैलाई गई तो और कड़ी व सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### गौशाला में बनी पानी की होदी की सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश



**ईसागढ़।** समाजसेवी कुलविंदर कौर उर्फ सिमरन हमेशा निस्वार्थ भाव से सेवा करती नजर आती है चाहे वो आदिवासी बस्ती हो या गुरुद्वारा या क्षेत्र का कोई भी कार्य हमेशा अपनी उपस्थिति देकर लोगों का दिल जीत लेती है। दीन दुखियों की सेवा करना उनका पहला कदम है अपने गुरुजी के आशीर्वाद से वह अपने सभी कार्य पूर्ण लगन से करती है समाज में राजनीति में अपना पूर्ण सहयोग देकर कार्य करती है गरीब आदिवासी बच्चों को शिक्षित करने आंगनवाड़ी ढाकोंनी को गोद लिया और गरीब बस्ती में ठंड से बचने के लिए कंबल गर्म कपडे त्योहार के समय मिठाई वितरण कर उनके साथ त्यौहार मनाना और गुरुद्वारे में हमेशा जूता घर की सेवा करती है अब इसी कदम को आगे बढ़ाते हुए गौशाला दयालपुर की जिम्मेदारी बखूबी निभा रही है आज गौशाला में बनी पानी की होदी जो काफी समय से गंदी पड़ी थी तो उन्होंने स्वयं इस होदी को अपने हाथों से सफाई कर उसमें स्वच्छ जल भरकर गौमाताओं को पिलाया।

### जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

# सजग बालिका ही होती है सुरक्षित समाज की आधारशिला : मंडलोई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में बालिकाओं की सुरक्षा, आत्मसम्मान एवं मानसिक सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, स्वतंत्रता, सम्मान के अभियान अंतर्गत परी वर्ग कार्यक्रम निरंतर संचालित किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में यह पहल जिले के सभी थाना क्षेत्रों में प्रभावी रूप से संचालित की जा रही है। जिसका उद्देश्य बालिकाओं में आत्मरक्षा की समझ, विधिक अधिकारों की जानकारी तथा आत्मविश्वास का विकास करना है।

उक्त तारतम्य में 17 फ़रवरी को चंदेरा थाना प्रभारी उप निरीक्षक रश्मि जैन एवं पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में बालिकाओं के मध्य परी वर्ग अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को सरल, संवेदनशील एवं अनुशासित भाषा में कई मुख्य विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। जिसमें गुड टच एवं बैड टच की स्पष्ट पहचान, असहज अथवा अनुचित व्यवहार की स्थिति में तत्काल प्रतिक्रिया, ह्लनाह्व कहने का अधिकार और आत्मरक्षा के प्राथमिक उपाय, माता-पिता, शिक्षक अथवा पुलिस से संवाद का महत्व, व्यक्तिगत सुरक्षा, आत्मसम्मान एवं सजग व्यवहार आदि बिषय शामिल है। पुलिस अधिकारियों ने बालिकाओं को यह आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की असुविधाजनक या आपत्तिजनक परिस्थिति में मौन न रहें, बल्कि तत्काल विश्वसनीय व्यक्ति या पुलिस को सूचित करें। उक्त कार्यक्रम पूर्णतः संवादात्मक रहा, जिसमें बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा अपनी जिज्ञासाएँ साझा कीं। इससे उनके भीतर आत्मविश्वास एवं सुरक्षा के प्रति सजगता का सकारात्मक संचार हुआ। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने अभियान का उद्देश्य बताते हुए कहा कि टीकमगढ़ पुलिस का लक्ष्य है कि प्रत्येक बालिका सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्राप्त करे, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहे। टीकमगढ़ पुलिस संवेदनशील, सहभागी एवं विश्वास-आधारित पुलिसिंग के माध्यम से सुरक्षित एवं सम्मानजनक समाज के निर्माण हेतु प्रतिबद्ध है।

# छात्रा का प्रवेश पत्र नहीं आने से परीक्षा में बैठने की नहीं मिली अनुमति



**अशोकनगर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत मंगलवार को जिले में 34 केन्द्रों पर इस परीक्षा की शुरूआत हुई। इस परीक्षा को लेकर एक छात्रा अपने पिता के साथ जन सुनवाई में आवेदन देने पहुंची और कहा कि उसका प्रवेश पत्र नहीं आया जिसके कारण उसे परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं मिली।

जनसुनवाई में मोहर सिंह अपनी पुत्री मीनाक्षी को लेकर इस समस्या के निराकरण की मांग करते नजर आया,जिसमें कहा गया है कि वह भगतसिंह स्कूल शंकर कॉलोनी अशोकनगर की छात्रा है और उसका आज अग्रेंजी संकाय का प्रश्न पत्र था। जब वह आज परीक्षा केन्द्र पहुंची तो उसे परीक्षा में बैठने नहीं दिया। स्कूल के प्राचार्य वेदराम लोधी का छात्रा से कहना था कि उसका प्रवेश पत्र नहीं आया है, अगली बार दिलवा देगें। जबकि छात्रा और उसके अभिभावक का कहना है कि वह परीक्षा की पूरी शुल्क जमा कर चुके हैं। जन सुनवाई के दौरान कलेक्टर साकेत मालवीय के साथ जिला पंचायत सीईओ ने छात्रा और उसके पिता की बात को सुना और उसे गंभीरता से लेते हुए शिक्षा विभाग से मौजूदा उप संचालक एनिस जैन को निर्देश दिए कि वह आवेदिका छात्रा की समस्या सुन और उसका निराकरण करवाएं छात्रा की समस्या भी एनिस जैन द्वारा सुनी गई और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वह उक्त विद्यालय में पहुंचकर छात्रा की समस्या का परीक्षण करें विद्यालय संचालक को फोन भी लगाया गया।


### भाजपा नेता विकास यादव की मांग पर लिखा था केंद्रीय मंत्री गडकरी को पत्र

# सिंधिया ने दी ओरछा लिंक ग्रीन फील्ड लेन हाईवे की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

भाजपा नेता विकास यादव की पहल पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा केंद्र सरकार से विश्व प्रसिद्ध धार्मिक व पर्यटन नगरी ओरछा के लिए अब तक की सबसे बड़ी परियोजना के लिए मंजूरी दिलाने में सफलता प्राप्त की है। जिससे लोगों को परिवहन व आवागमन में सुविधा मिलेगी। भाजपा नेता विकास यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुरूप धार्मिक व पर्यटन नगरी ओरछा को विश्व धरोहर के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य करते हुए केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने केंद्र सरकार से ओरछा को ओरछा लिंक ग्रीन फील्ड लेन हाईवे की सौगात दिलाई है। यह हाईवे झांसी खजुराहो राष्ट्रीय राजमार्ग को झांसी ललितपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ेगा। जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। यह हाईवे वनगायखास से शुरू होकर मजरा वनगाय, जमुनिया खास, रुदमकोरा, रामनगर, ढिमरपुरा, कुंअरपुरा, बबेडी, प्रतापपुरा, जमुनियाभाटा, गुजर्राखुर्द, मथुरापुरा एवं सैन्यर ग्रामों से निकलेगा। इसकी लंबाई लगभग 15 किलोमीटर है एवं लागत 658 करोड़ रुपए है।





नितिन गडकरी
NITIN GADKARI

मंत्री
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग
भारत सरकार
Minister
Road Transport and Highways
Government of India

12 फरवरी 2026
वी.आई.पी. संदर्भ सं.-MP017549

प्रिय श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया जी,

कृपया अपने पत्र क्रमांक-DO1685907 MoC&DoNER/2025 दिनांक 28.10.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा आपने श्री विकास यादव, मंत्री, भारतीय जनता पार्टी, जिला-टिकमगढ़ (मध्यप्रदेश) के पत्र को अग्रेषित करते हुये राष्ट्रीय राजमार्ग-26 को राष्ट्रीय राजमार्ग-76 से जोड़ने के लिये ओरछा लिंक ग्रीन फील्ड लेन हाईवे की स्वीकृति प्रदान करने हेतु अनुरोध किया है।

2. भा.रा.रा.प्रा. द्वारा प्रस्तुत आख्या के आधार पर आपको यह अवगत कराना चाहूँगा कि उक्त मार्ग वार्षिक योजना 2025-26 में स्वीकृत है। परियोजना के निर्माण हेतु भू-अर्जन का कार्य प्रगतिरत है तथा उक्त मार्ग के निर्माण के लिए ठेकेदार के चयन की कार्यवाही भा.रा.रा.प्रा. मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा की जा रही है, जिसके उपरांत शीघ्रातिशीघ्र सड़क निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

सादर,

आपका,
(नितिन गडकरी)

श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया,
माननीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री, भारत सराकर,
रूम नं. 105, संचार भवन,
20, अशोका रोड, नई दिल्ली-110001.

...oom No. 501, Transport Bhawan, 1, Sansad Marg, New Delhi – 110 001, Tel.: 011-23710121, 23711252 (O), 23719023 (F).
E-mail: nitin.gadkari@nic.in; website-www.morth.nic.in

गौरतलब है कि भाजपा नेता विकास यादव की मांग केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को दिनांक 28 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय राजमार्ग-26 को राष्ट्रीय राजमार्ग-76 से जोड़ने के लिये ओरछा लिंक ग्रीन फील्ड लेन हाईवे की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया था। जिस पर कार्यवाही करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया को भेजे पत्र में बताया कि उक्त मार्ग वार्षिक योजना 2025-26 में स्वीकृत है। परियोजना के निर्माण के लिये भू-अर्जन का कार्य प्रगतिरत है तथा उक्त मार्ग के निर्माण के लिए ठेकेदार के चयन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके उपरांत शीघ्रातिशीघ्र सड़क निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। ओरछा लिंक ग्रीन फील्ड लेन हाईवे की सौगात मिलने पर भाजपा नेता विकास यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### अफ्रीका से लाए चीतों के तीन साल पूरा होने पर मिली तीन शावकों के जन्म की खुशखबर

# चीतों का कुनबा बढ़ा, दूसरी बार मां बनी गामिनी, तीन शावकों को दिया जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कूनो नेशनल पार्क में चीता प्रोजेक्ट नित नए सफलता के पायदान चढ रहा है। जिसके चलते कूनो में चीतो का कुनबा बढता जा रहा है। कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता गामिनी ने दूसरी बार मां बनते हुए तीन शावको को जन्म दिया है। खास बात यह है कि 18 फरवरी को कूनो नेशनल पार्क से आई यह खुश खबरी दक्षिण अफ्रीकी चीतों के कूनो नेशनल पार्क में हुए आगमन के तीन वर्ष पूरे होने के दिन मिली है।

बुधवार को कूनो नेशनल पार्क से चीतो के जन्म होने की खुश खबरी एक महीने में दूसरी बार मिली है। इसके पहले मादा चीता आशा ने भी शावको को जन्म दिया है। आशा के बाद अब गामिनी दूसरी बार मां बनी है। यह भारतीय धरती पर चीतों का नौवां सफल कुनबा है। इन नए शावकों के जन्म के साथ भारत में जन्मे जीवित शावकों की संख्या बढ़कर 27 हो गई है। जिसके चलते अब देश में कुल चीता आबादी 38 तक पहुंच गई है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस उपलब्धि को भारत के ऐतिहासिक संरक्षण अभियान की बड़ी सफलता बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट चीता के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। वहीं मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी कूनो में तीन नए शावकों के आगमन पर खुशी जताते हुए कहा कि यह मध्य प्रदेश चीतों के पुनर्स्थापन का सशक्त केंद्र बनता जा रहा है।





### चीता मित्र प्रकृति व वन्यजीवों के संरक्षण के लिए उपयोगी:अर्पित

कूनो नेशनल पार्क में 18 फरवरी 2023 को दक्षिण अफ्रीका से लाए गए 12 चीतों (5 मादा, 7 नर) को तीन वर्ष पूर्ण हो गए हैं। तीन साल पूरे होने की यह खुशी तब दोगुनी हो गई,जब दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता गामिनी ने तीन शावको को जन्म दिया है। गामिनी ने मां बनने की खुश खबरी दूसरी बार दी है। तीन साल पूरे होने पर बुधवार को कूनो प्रशासन की ओर से सेसईपुरा में चीता मित्र सम्मेलन आयोजित किया गया। सेंसईपुरा फॉरेस्ट परिसर में आयोजित चीता मित्र सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि कहा कि चीता प्रोजेक्ट से श्योपुर जिले को विश्वभर में पहचान मिली है, चीता प्रोजेक्ट से जुडे अधिकारियों, वन्यप्राणी विशेषज्ञो, वन्य प्राणी चिकित्सको एवं चीता मित्रो की कडी मेहनत तथा क्षेत्रीय नागरिकों की जागरूकता से कूनो नेशनल पार्क में चीता प्रोजेक्ट सफलता के सौपान पर आगे बढ रहा है। उन्होंने कहा कि वन्य विशेषज्ञो के साथ ही चीता मित्र इस प्रोजेक्ट की सफलता के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। चीता मित्र प्रकृति एवं प्राणियों का संरक्षण तथा पालन कर रहे है। उन्होंने इस अवसर पर चीतों मित्रों को होमस्टे योजना की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि होमस्टे के माध्यम से न केवल रोजगार के अवसर उपलब्ध होगे, बल्कि क्षेत्रीय संस्कृति, परम्पराओं को जानने का अवसर पर्यटको को मिलेगा। इस अवसर पर डायरेक्टर लायन प्रोजेक्ट उत्तम शर्मा, डीएफओ कूनो आर थिरूकुराल, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, जनपद सदस्य प्रतिनिधि भारत सिंह गुर्जर सहित चीता मित्र तथा अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। चीता मित्र सम्मेलन से पूर्व जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें चीता मित्रों द्वारा चीतों के संरक्षण के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

### तीनो शावक स्वस्थ्य, डॉक्टरों की टीम कर रही निगरानी

कूनो नेशनल पार्क श्योपुर के डीएफओ आर थिरूकुरल ने बताया है कि गामिनी द्वारा जन्म दिए तीनों शावक पूरी तरह स्वस्थ्य हैं। कूनों के डॉक्टरों की टीम उसकी निगरानी कर रही है। कूनो नेशनल पार्क में लगातार मिल रही सफलताएं चीता पुनर्स्थापना परियोजना की प्रभावशीलता को दर्शाती हैं। यह उचित निगरानी, वैज्ञानिक प्रबंधन और समर्पित टीमवर्क से वन्यजीव संरक्षण लक्ष्यों को प्राप्त करने की क्षमता को भी प्रमाणित करता है।

### कूनो में 35, 3 चीते गांधीसागर में

मादा चीता गामिनी के द्वारा तीन शावको को जन्म दिए जाने के साथही अब कूनो में कुल शावकों की संख्या 27 हो गई है। जबकि कुल चीते 35 हो गए है। तीन चीते गांधीसागर अभ्यारण में मौजूद है। इस तरह भारत में कुल चीते 38 हो गए है।

### खेमजी महाराज मंदिर पर जाते समय रास्ते में बाइक ने मारी टक्कर

# आरएसएस के पूर्व जिला संघ चालक की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला संघ चालक और वरिष्ठ समाजसेवी कमल शर्मा का मंगलवार की देर शाम को सडक हादसे में निधन हो गया। मंगलवार की देर शाम को जब कमल शर्मा बाइक से खेमजी महाराज मंदिर पर आ रहे थे,तभी उन्हें पीछे से एक तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें घटना स्थल से उठाकर बडौदा अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना से पूरे बडौदा कस्बे में शोक की लहर दौड गई। बडौदा थाना पुलिस ने टक्कर मारने वाले अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।




दरअसल खेमजी महाराज मंदिर पर पिछले दिनों एक धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ था। इस कार्यक्रम का आयोजन करने वाली समिति में आरएसएस के पूर्व जिला संघ चालक कमल शर्मा भी पदाधिकारी थे। इस कार्यक्रम की सम्पन्नता के बाद हिसाब किताब को लेकर आयोजन समिति की मंदिर पर एक बैठक आयोजित की गई थी। इसी बैठक में शामिल होने के लिए कमल शर्मा बाइक पर सवार होकर बडौदा से आ रहे थे। जैसे ही उन्होने अपनी बाइक को श्योपुर बडौदा हाइवे पर धीरे करके खेमजी महाराज मंदिर की तरफ मोडा,वैसे ही बडौदा की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही एक दूसरी बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में कमल शर्मा गंभीर घायल होकर बाइक से नीचे हाइवे पर गिर पडे। इसके बाद उन्हें आसपास के लोगो ने तत्काल उठाकर बडौदा अस्पताल में दाखिल कराया गया,जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बुधवार को पीएम के बाद उनका शव परिजनों को सौपा। इसके बाद उनका बडौदा स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बडी संख्या में नागरिक शामिल हुए।

# बारिश से लौटी सर्दी, किसानों की धड़कने बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बुधवार की सुबह अचानक मौसम का मिजाज बदला और आसमान में बादल छा गए। इसके बाद बारिश होना शुरू हो गई। रिमझिम बारिश का दौर कुछ देर चलने के बाद बंद हो गया, लेकिन इससे विदा सी हो गई सर्दी एक बार फिर लौटकर आ गई है। वहीं क्षेत्र के किसानों की धडकने भी बढ गई है। क्योंकि इस समय क्षेत्र में सरसो की कटाई और थेसिंग का काम चल रहा है।

पिछले कुछ दिन से तापमान में बढोत्तरी होती जा रही थी,जिसे देखकर लगने लगा था कि अब सर्दी की विदाई हो गई है। इसलिए लोगो ने ऊनी कपडो से भी दूर बनाना शुरू



कर दिया था। मगर बुधवार की सुबह अचानक मौसम ने पलटा खाया। जिसके चलते आसमान में बादल छा गए और फिर रिमझिम बारिश होना शुरू हो गई। इस दौरान हवाएं भी चली। हालांकि कुछ देर रिमझिम बारिश का दौर चलने के बाद रूक गया। लेकिन इससे पूरे जिले में फिर से सर्दी का असर लौटकर आ गया है। इस बारिश से गेंहू और सरसों में नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है। जिसके चलते किसानों की धडकने बढ गई है। किसानों का कहना है कि इस समय क्षेत्र में सरसों की कटाई और थ्रेसिंग का काम चल रहा है। लेकिन बारिश के चलते यह काम प्रभावित हुआ है। कटी सरसों की फसल के भीगने से उसमें नुकसान होना तय दिख रहा है। वहीं गेंहू की फसल भी नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है। क्योंकि जिन किसानों के खेतों में खडी गेंहू की फसल में बाली आ गई है,उसके बारिश के साथ चली हवाओं से नीचे गिरने का अंदेशा है।

### पुलिस ने रोका तो धरने पर बैठे कांग्रेसी

# विधायक पर दर्ज एफआईआर के विरोध में कांग्रेसियों ने घेरा एसपी कार्यालय, ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विधायक बाबू जंडेल पर हर्ष फायरिंग के मामले में दर्ज हुई एफआईआर के विरोध में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने एसपी कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मांगीलाल बैरवा के नेतृत्व में पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और विधायक पर दर्ज प्रकरण को राजनीति से प्रेरित बताते हुए इसे तत्काल निरस्त करने की मांग की। प्रदर्शन करने के बाद सौपे ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने बताया कि विधायक जंडेल एक ग्रामीण धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हुए थे, जहां परंपरा के अनुसार उन्हें घोड़ी पर बैठाया गया था। उनके हाथ में दी गई बंदूक चिड़ीमार थी, जिसमें न तो कारतूस था और न ही बारूद। ग्रामीणों के बार-बार आग्रह पर विधायक ने केवल प्रतीकात्मक रूप से हर्ष फायर करने जैसा अभिनय किया था। कांग्रेस ने दावा किया है कि वायरल वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई है और राजनीतिक दुर्भावना के चलते इस सामान्य घटना को अपराध का रूप दिया गया है। कांग्रेसियों ने भाजपा नेताओं का नाम बताते हुए आरोप लगाया है कि इन भाजपा नेताओं के द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर हथियारों से गोलियां चलाई गई। मगर उनके खिलाफ आज तक कोई एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की गई। प्रदर्शन के दौरान पूर्व नपाध्यक्ष दौलतराम गुप्ता, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हंसराज रावत, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामभरत मीणा सहित बडी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।



### विधायक पर दर्ज एफआईआर को निरस्त करने मीणा समाज ने सौंपा ज्ञापन



क्षेत्रीय मीणा समाज श्योपुर के प्रतिनिधी मंडल ने बुधवार को एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल से मुलाकात की और उन्हें विधायक बाबू जंडेल पर बडौदा थाने में दर्ज की गई एफआईआर को निरस्त किए जाने के लिए ज्ञापन सौपा। मीणा समाज अध्यक्ष हंसराज नागदा के नेतृत्व में एसपी को सौपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि विधायक जंडेल पर दर्ज की गई एफआईआर से पूरे समाज में गहन आक्रोश व्याप्त है। इसलिए विधायक पर दर्ज एफआईआर की निष्पक्षता के साथ समीक्षा करते हुए उसे निरस्त किए जाए।

# जनगणना के संबंध में दो दिवसीय प्रशिक्षण आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जनगणना 2027 अंतर्गत अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, चार्ज जनगणना अधिकारी एवं अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण 19 फरवरी से आयोजित किया जा रहा है।

प्रभारी जिला योजना अधिकारी गिर्राज शर्मा ने बताया कि जनगणना कार्य के लिए नियुक्त सभी अधिकारियों के लिए 19 एवं 20 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा, जिसमें जनगणना निदेशालय भोपाल से श्योपुर के जनगणना जिला प्रभारी सत्यप्रकाश सहित अन्य प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। उन्होने बताया कि जनगणना का कार्य दो चरणो में संपादित होगा, प्रथम चरण में 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण का कार्य संपन्न होगा तथा द्वितीय चरण का कार्य फरवरी 2027 में संपन्न कराया जायेगा। जनगणना के लिए तहसीलवार एवं निकायवार चार्ज जनगणना अधिकारी नियुक्त कर दिये गये है।

### होम स्टे के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन मे पर्यटन गतिविधियों को दृष्टिगत रखते हुए होम स्टे योजना का बढावा दिया जा रहा है। एडीएम रूपेश उपाध्याय ने बताया कि मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड भोपाल द्वारा संचालित रिस्पॉसिबल टूरिज्म मिशन अंतर्गत जिले में पर्यटन विकास तथा पर्यटको को ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से होम स्टे पर पिछले दिनों कार्यशाला का आयोजन भी किया गया था। उन्होंने बताया कि होम स्टे के माध्यम से पर्यटको को स्थानीय लोक संस्कृति, परम्पराओं तथा खानपान से अवगत कराने के उद्देश्य से होम स्टे विकास के लिए जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा कार्य किया जा रहा है।

# 21 को कूनो में आएंगे सीएम, नदी में छोड़ेंगे घड़ियाल, कलेक्टर ने देखी घड़ियाल रिलीज साइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 21 फरवरी को कूनो नेशनल पार्क में आने का कार्यक्रम प्रस्तावित हुआ है। 21 फरवरी को कूनो नेशनल पार्क में आकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 28 फरवरी को बोत्सवाना आ रहे चीतों को कूनो नेशनल पार्क में छोडे जाने की तैयारियां का जायजा लेगे। इसके साथही मुख्यमंत्री कूनो नेशनल पार्क स्थित कूनो नदी में घडियालों को भी छोडेगे। ऐसा भी कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है। इसलिए कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कूनो के अधिकारियों के साथ कूनो नेशनल पार्क में पहुंचकर घडियाल रिलीज साइट का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा ने



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 21 फरवरी को कूनो के प्रस्तावित आगमन को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की और विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर ने कूनो में स्थित हेलीपेड स्थल का अवलोकन भी किया। घडियाल रिलीज साइट के अवलोकन अवसर पर डीएफओ कूनो आर थिरूकुराल, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय सहित वन विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

### 63 लोगों के आधार की तकनीकी त्रुटियों को दूर करने में मिली सफलता

# मोगिया समुदाय की आधार संबंधी त्रुटियों का शिविर लगाकर किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद की पहल पर 5 गांव में निवासरत मोगिया समुदाय के लोगों के आधारकार्ड में त्रुटियों का निराकरण शिविर लगाकर किया गया। इस पहल से 63 लोगों के आधार कार्ड की तकनीकी खामियों को दूर करने में सफलता मिली है।

ई-गर्वेनेस प्रबंधक धर्मेन्द्र मीणा ने बताया कि लास्ट विल्डरनेस फाउंडेशन मुंबई के फील्ड समन्वयक सोनू वर्मा द्वारा सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद को आवेदन प्रस्तुत किया गया था कि ग्राम दंगपुरा, उमरी, टपरपुरा, चेटीखेडा एवं खैरा में निवासरत मोगिया समुदाय के नागरिकों के आधार कार्डो में नाम, जन्मतिथि, सरनेम, पता एवं अन्य व्यक्तिगत विवरणों में त्रुटियां है। इन त्रुटियों के कारण संबंधितों को शासन की विभिन्न जनकल्याणणकारी योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। इस पर सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद द्वारा ग्राम दंगपुरा, उमरी, टपरपुरा, चेटीखेडा एवं खैरा में आधार अपडेशन तथा त्रुटि सुधार करने के लिए तिथिवार शिविरों का आयोजन करने के निर्देश दिये गये। जिस क्रम में इन ग्रामों में शिविर लगाकर फाउंडेशन के सहयोग से मोगिया समुदाय के 63 नागरिकों के आधार कार्ड की त्रुटियों को दूर किया गया है तथा नवीन आधार कार्ड बनाये गये है। जिससे उन्हें अब शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ सरलता से प्राप्त होगा।

### लोक निर्माण विभाग करेगा निर्माण, शासन की ओर से नए वित्तीय वर्ष में मिलेगी राशि

# बड़ौदा और वीरपुर में बनेंगे रेस्ट हाउस तीन नई सड़कें बनेंगी, सुविधा बढ़ेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले के बडौदा और वीरपुर तहसील मुख्यालय पर अब नवीन पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस का निर्माण किया जाएगा। वहीं श्योपुर जिले में तीन नई सडके भी बनाई जाएगी। जिसकी उम्मीद नए बजट से बंध गई है। क्योंकि शासन के द्वारा श्योपुर जिले के इन कार्यो को नए बजट में शामिल कर लिया गया है और उम्मीद की जा रही है कि नए वित्तीय वर्ष के दौरान इन कार्यो के लिए शासन की ओर से राशि भी उपलब्ध करा दी गई है। जिसके बाद इनका निर्माण लोक निर्माण विभाग के द्वारा किया जाएगा। वीरपुर और बडौदा में रेस्टहाउस बनने से जहां इन कस्बों में अफसरों और पर्यटकों के ठहरने के लिए सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। वहीं तीन नई सडकों का निर्माण होने से ग्रामीणों का आवागमन भी सुविधा जनक हो जाएगा। भलेही वीरपुर और बडौदा को तहसीन मुख्यालय का दर्जा मिले काफी समय हो गया है,लेकिन इन कस्बो में लोक निर्माण विभाग के रेस्टहाउस की सुविधा नहीं है। जबकि इन दोनों तहसील मुख्यालयों पर अब रेस्टहाउस की सुविधा होना जरूरी हो गया है। इसलिए लोक निर्माण विभाग ने वीरपुर और बडौदा में रेस्टहाउस का निर्माण किए जाने का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था।

लोक निर्माण विभाग के सूत्र बता रहे है कि डेढ-डेढ करोड की लागत से बनने वाले इन नए रेस्टहाउस निर्माण के प्रस्ताव को शासन ने स्वीकृत करते हुए नए बजट में शामिल कर लिया है। इसलिए उम्मीद की जा रही है कि नए वित्तीय वर्ष 2026-2027 में इन दोनों रेस्टहाउसों के निर्माण के लिए शासन से राशि मिल जाएगी और इनका निर्माण भी शुरू हो जाएगा।



### दो सड़कों का होगा नवीनीकरण

नए बजट के दौरान जहां श्योपुर जिले में तीन नई सडकों का निर्माण किए जाने की उम्मीद है। वहीं दो सडकों का नवीनीकरण भी किए जाने की प्रबल संभावना है। बताया गया है कि नए सिरे से बनाई जाने वाली इन दोनों सडकों में जावदेश्वर से मेवाडा और सेसईपुरा मोरावन टिकटोली सडक शामिल है। इन दोनो सडको का नए सिरे से निर्माण किए जाने से न सिफ ग्रामीणों की सुविधा होगी,बल्कि कूनो नेशनल के टिकटोली गेट तक पर्यटकों का पहुंचना भी सुविधा जनक हो जाएगा।

### तीन नई सड़कों के लिए नए वित्तीय वर्ष में मिलेगी राशि

लोक निर्माण विभाग के सूत्र बता रहे है कि जिले में तीन नई सडकों का निर्माण सोठवा से रन्नौद, श्योपुर पाली रोड से नागदा की ओर नहर मार्ग पर तथा चंबल नहर से सामाखाड से नयागांव बाबडीचापा गांव की ओर सडक का निर्माण किया जाएगा। यह तीनो सडके भी नए बजट में शामिल कर ली गई है। जिनके लिए नए वित्तीय वर्ष में राशि मिल जाएगी। जिससे इन सडकों के निर्माण की वर्षो पुरानी मांग भी पूरी हो जाएगी।

### इनका कहना है

बजट में दो रेस्ट हाउस निर्माण के साथही तीन नई सडकों के निर्माण और दो सडकों के उन्नयीकरण कार्य को शामिल कर लिया गया है।

**पुष्कल प्रताप**
**ईई,लोक निर्माण विभाग,श्योपुर**

# स्मैक के साथ पकड़े दोषी को तीन वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

करीब तीन साल पहले बडौदा थाना पुलिस के द्वारा स्मैक के साथ दबोचे गए दोषी को श्योपुर के विशेष न्यायालय ने तीन वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुना दी। साथ ही उस पर पांच हजार रूपए का जुर्माना भी रोपित किया गया है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने बताया कि आरोपी रामदयाल पुत्र माधोलाल माली निवासी वार्ड क्रमांक 07 बडौदा को बडौदा थाना पुलिस ने करीब तीन साल पूर्व मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर दबोचा था, तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 10 ग्राम से ज्यादा स्मैक जब्त की गई। जिसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया और विवेचना पूरी कर चालान विशेष न्यायालय श्योपुर में पेश किया। विचारण के दौरान न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए उसे तीन साल के सश्रम कारावास और पांच हजार के जुर्माने की सजा सुना दी।

### अनंतिम सूची जारी

श्योपुर। महिला बाल विकास परियोजना श्योपुर शहरी में रिक्त आंगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के पदो के संबंध में अनंतिम सूची जारी की गई है। अनंतिम सूची के अनुसार वार्ड 10ए में सरिता आर्य, नहर का सहराना बर्धा में सुनीता मीणा, नहर का सहराना नगदी में प्रियंका मीणा, इंदिरा आवास कॉलोनी में दिलबर गुर्जर, एकतापुरा सहराना में ब्रजलता टैगोर एवं चन्द्रपुरा-ए आंगनबाडी केन्द्र पर बुलबुल कुशवाह को आंगनबाडी कार्यकर्ता पद पर अनंतिम रूप से चयन किया गया है। इसी प्रकार अजापुरा-बी आंगनबाडी केन्द्र पर नीलम शर्मा, नहर का सहराना बर्धा में ओमा मीणा, नहर का सहराना नगदी में प्रियंका मीणा, इंदिरा आवास कॉलोनी में दिलबर गुर्जर एवं एकतापुरा सहराना में हेमलता टैगोर को आंगनबाडी सहायिका पद पर अनंतिम रूप से चयन किया गया है।

## खबर संक्षेप

### मंदिर से लौट रहे युवक पर लाठी-डंडों से हमला चार पर मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम उमरिया में मंदिर से घर लौट रहे एक युवक के साथ गाली-गलौज कर लाठी-डंडों से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम उमरिया निवासी जयपाल राजा पुत्र स्व.स्वरूप लोधी ने थाना नाराहट में दी गई शिकायत में बताया कि 15 फरवरी 2026 की शाम करीब 8 बजे वह मंदिर से घर लौट रहे थे। इसी दौरान लखिम राजा पुत्र जाहर लोधी (निवासी ग्राम चारोदा, थाना मालथौन, जिला सागर), धर्मेंद्र राजा पुत्र प्यारे राजा, राजासाहब पुत्र नन्नू राजा एवं रामू पुत्र विंदे (सभी निवासी ग्राम उमरिया) मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे जयपाल राजा को शरीर में चोटें आईं। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 115(2), 352 व 351(3) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### घर में घुसकर महिला से मारपीट, धमकाया थाने में मामला दर्ज

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्र के मुहल्ला बड़ापुरा में घर में घुसकर महिला से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने क गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित कस्बा निवासी अर्जुन पुत्र रमन साहू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5 फरवरी 2026 की रात करीब 8.30 बजे उनकी पत्नी घर पर थीं। इसी दौरान मोहल्ले का एक व्यक्ति घर में घुस आया और महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। शोर सुनकर जब अर्जुन मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। पीड़ित के अनुसार आरोपी दबंग प्रवृत्ति का है और पूर्व में भी उसके विरुद्ध शिकायतें की जा चुकी हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने 16 फरवरी 2026 को एफआईआर संख्या 0029/2026 दर्ज की है। आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं 333, 115(2), 352 एवं 351(3) के तहत कार्रवाई की गई है।

### घर के सामने गाली-गलौज व जान लेने की धमकी, नामजद पर केस

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम पाचौनी में पड़ोसी द्वारा गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पाचौनी निवासी सतीश सेन (42) पुत्र घनश्याम ने कोतवाली में दी गई लिखित शिकायत में बताया कि 15 फरवरी 2026 की शाम करीब 6 बजे उनके पड़ोसी अनिल पुत्र शीलचंद्र राठौर ने बिना किसी कारण उनके घर के सामने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। घटना से भयभीत होकर पीड़ित ने अगले दिन थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 352 व 351(3) के तहत मुकदमा संख्या 0172/2026 दर्ज किया है।

**नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप**

**ललितपुर।** कोतवाली ललितपुर क्षेत्र में नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री 16 फरवरी 2026 की रात करीब 10.30 बजे घर पर थी। इसी दौरान बड़ापुरा निवासी युवक राजीव नाम का युवक उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया। पीड़िता की मां ने अपनी पुत्री की काफी खोजबीन की।

---

### गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 7 दिवसीय विशेष शिविर

# 'जीवन में अच्छे कार्य करो, कोई देखे या नहीं ईश्वर की तीसरी आंख हमें हमेशा देखती है'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन गोद ग्राम बरदौरा में किया गया। इस अवसर पर सरस्वती पूजन, सरस्वती वंदना के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना गीत एवं शपथ के माध्यम से विद्यार्थियों ने कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम अधिकारी मृणालिनी मिश्रा ने सात दिवसीय शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य मुझको नहीं तुमको है और आप सभी को अपने जीवन में इस वाक्य को चरितार्थ करना है। मैं की भावना का त्याग करना एवं हम की भावना को जीवन में उतरना है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने विद्यार्थियों को शिविर के माध्यम से स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान एवं ग्रामीणों में शिक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाने की बात कही उन्होंने कहा कि इंसान की सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है हमें निस्वार्थ भाव से सेवा करना चाहिए। अतिथि सोनाली राय जन भागीदारी अध्यक्ष ने कहा कि हमें सदैव धैर्य एवं समन्वय बनाकर कार्य करते रहना चाहिए उनका संदेश था कि जीवन में सदैव अच्छे कार्य करो कोई देखे या ना देखें ईश्वर की तीसरी आंख हमें हमेशा देखती है इसलिए सदैव कर्मशील रहकर अच्छा भाव जीवन में रखें। कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर रश्मि जैन ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिविर में आपको अनुशासन के साथ अपनी एक पहचान बनाना है। यह शिविर आपके जीवन के मार्गदर्शक हैं जो आपके व्यक्तित्व को एक नई पहचान देकर समाज एवं देश का योग्य नागरिक बनाते हैं। डॉक्टर उमा लवानिया शिविर निर्देशक ने कहा कि आपको अपने जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना वैज द्वारा प्रेरित की गई बात को उतारना है। वेज़ कहता है कि आप जीवन में आठों पहर निरंतर सकारात्मक कार्य करके गतिशील रहें एवं हम ईश्वर के अंश मात्र हैं हमें धैर्य एवं शांति से समाज के लिए कार्य करना चाहिए। सुनील समैया ने कहा कि गांव की पृष्ठभूमि से हम इन शिवरों के माध्यम से ही जुड़ते हैं। हमें यहां की प्रकृति से जुड़कर कार्य करना है। कुछ ग्रामीणों को सिखाना है और कुछ हमें उनसे सीखना है। सत्यजीत ने शासन की चल रही बेटियों से संबंधित योजनाओं को बताते हुए उन्हें जागरूक किया। बेटियों को समाज में आगे आने के लिए प्रेरित करते हुए आत्मनिर्भर बनाने की बात कही। जितेंद्र राय ने कहा कि समय कभी लौटता नहीं है इसलिए समय का सदुपयोग करें। गोविंद तिवारी ने कहा कि यह शिविर इसका माध्यम है। पूर्व छात्रा आरती राय ने भी सभी को शुभकामनाएं दीं। आभार डॉक्टर निशि भदोरिया ने आभार ज्ञापित किया। शिविर सहयोगी के रूप में आज विनोद, विकास एवं रंजना रहे।

---

### दुकान हटाने की उठी मांग

## शराब दुकान से बिगड़ा गांव का माहौल, लोगों का फूटा गुस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले के ग्राम सतगता में स्थित सरकारी देशी शराब की दुकान ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। दुकान खुलने के बाद गांव की शांति व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यहां आए दिन शराबियों की भीड़ जुटती है, जिससे गाली-गलौज, झगड़े और अश्लील हरकतों की घटनाएं बढ़ गई हैं। ग्रामीणों के अनुसार, शाम ढलते ही शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। नशे में धुत लोग राहगीरों से अभद्रता करते हैं, कई बार मारपीट तक की नौबत आ जाती है। इससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को घर से निकलने में डर लगने लगा है। गांव के रास्तों पर अराजकता का माहौल बन जाता है, जिससे आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। स्थिति से आक्रोशित महिलाओं और ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र भेजते हुए शराब की दुकान को आबादी से दूर स्थानांतरित करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से जनहित को सर्वोपरि रखते हुए त्वरित कदम उठाने की अपील की है, ताकि गांव में पुनः शांति, सुरक्षा और मर्यादित वातावरण बहाल हो सके।

---

### सदर विधायक का दमदार भाषण

## विधानसभा में गूंजा बुंदेलखंड ललितपुर को प्रदेश का प्रवेश द्वार बताकर विकास पर बड़ी बहस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने प्रभावशाली और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण वक्तव्य देते हुए ललितपुर एवं बुंदेलखंड क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों को मजबूती के साथ सदन के केंद्र में ला दिया। उनके भाषण ने यह स्पष्ट कर दिया कि अब सीमावर्ती क्षेत्रों की आवाज विधानसभा में और अधिक ताकत के साथ गूंज रही है। विधायक ने कहा कि बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि जनता की उम्मीदों और विकास का संकल्प है। उन्होंने आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी तथा वित्त मंत्री सुरेश खन्ना जी का आभार व्यक्त करते हुए बजट को समग्र विकास का रोडमैप बताया।

**बड़ा राजनीतिक संदेश: ललितपुर आखिरी जिला नहीं, उत्तर प्रदेश का मुख्य प्रवेश द्वार :** सदन में बोलते हुए विधायक ने कहा कि ललितपुर को सीमावर्ती नहीं, बल्कि रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जनपद के रूप में देखा जाना चाहिए। मध्यप्रदेश से लगी सीमाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने क्षेत्रीय विकास को प्रदेश की प्रगति से सीधे जोड़कर प्रस्तुत किया। वही विधायक ने विकास का मजबूत एजेंडा — सड़क, सेतु और कनेक्टिविटी पर फोकस करते हुए विधायक ने बजट में सड़क एवं सेतु निर्माण के लिए हुई बड़ी वित्तीय व्यवस्था का स्वागत करते हुए सदन में कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं—

#### जखौराझ्रतालबेहट संपर्क मार्ग का उच्चीकरण

- दैलवारा से अमरपुर मंडी तक हाईवे कनेक्टिविटी
- रेलवे स्टेशन दैलवारा पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण
- ललितपुर नगर में इनर रिंग रोड का निर्माण, जिससे देवगढ़, राजघाट एवं जखौरा मार्ग सीधे राष्ट्रीय राजमार्गझ्र44 से जुड़ सकें
- शहजाद नदी पर पंचमुखी हनुमान मंदिर, बार बांसी मार्ग और पारौन हजारिया मार्ग (किमी-3) पर तीन दीर्घ सेतुओं का निर्माण

#### सदन में क्षेत्रीय सम्मान और गौरव को ध्यान में रखते हुए विधायक ने महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे—

- देवगढ़ मार्ग पर सेतु निगम द्वारा निर्मित रेलवे ओवरब्रिज का नाम ह्लमहाराजा छत्रसाल सेतुह्न रखा जाए।
- शहजाद नदी पर निर्माणाधीन दीर्घ सेतु का नाम ह्लभारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी सेतुह्न रखा जाए।
- इन प्रस्तावों को क्षेत्रीय इतिहास और राष्ट्रीय नेतृत्व को सम्मान देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया।

#### शिक्षा, तकनीकी संस्थान और युवाओं पर विशेष जोर

विधायक ने कहा कि सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए विकासखंड तालबेहट की ग्राम पंचायत पूरा कला में राजकीय इंटर कॉलेज की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने मांग रखी—

- ललितपुर में इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना
- युवाओं की खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने हेतु स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना

अपने संबोधन में विधायक ने करकरावल कॉरिडोर, देवगढ़ किला, दशावतार मंदिर, बेतवा तट, गोविंद सागर बांध, राजघाट बांध क्षेत्र एवं पंचमुखी हनुमान मंदिर को जोड़कर बुंदेलखंड धार्मिक एवं विरासत पर्यटन सर्किट विकसित करने का प्रस्ताव रखा।

---

### एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

## उर्वरक सब्सिडी नीति में सुधार की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन ने उर्वरक सब्सिडी नीति में सुधार, यूरिया के संतुलित उपयोग और मृदा स्वास्थ्य संरक्षण को लेकर देश के प्रधानमंत्री को एक विस्तृत ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन के माध्यम से एसोसिएशन ने वर्तमान उर्वरक मूल्य संरचना में व्याप्त असंतुलन पर चिंता जताते हुए कहा है कि सस्ते यूरिया और महंगे एनपीके/डीएपी उर्वरकों के कारण किसान मजबूरी में यूरिया का अत्यधिक प्रयोग कर रहे हैं, जिससे मिट्टी की उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। एसोसिएशन के अनुसार वर्तमान में 45 किलोग्राम यूरिया की कीमत मात्र 266 है, जबकि एनबीएस नीति के चलते एनपीके ग्रेड उर्वरकों की कीमत 2100 प्रति 50 किलोग्राम तक पहुंच गई है। इस बड़े मूल्य अंतर के कारण मिट्टी अम्लीय हो रही है और सूक्ष्म पोषक तत्व नष्ट हो रहे हैं, जो दीर्घकाल में कृषि उत्पादन के लिए घातक है।

#### यूरिया गोल्ड मॉडल का प्रस्ताव

ज्ञापन में एक क्रांतिकारी समाधान सुझाते हुए सल्फर कोटेड यूरिया (यूरिया गोल्ड) और जिंक युक्त यूरिया को बढ़ावा देने की मांग की गई है। प्रस्ताव के अनुसार, इन्हें 500 प्रति 40 किलोग्राम की दर से चरणबद्ध तरीके से बाजार में लाया जाए तथा वर्तमान नाइट्रोजन आधारित यूरिया का उत्पादन हर वर्ष 20 प्रतिशत घटाया जाए। साथ ही, यूरिया पर बचने वाली सब्सिडी को एनपीके और डीएपी उर्वरकों की ओर स्थानांतरित कर उनकी कीमत क्रमशः अधिकतम 1500 और 1350 प्रति 50 किलोग्राम तय करने की मांग की गई है, जिससे किसानों को संतुलित पोषण मिल सके और सरकारी बजट पर अतिरिक्त बोझ भी न पड़े।

#### मृदा व पर्यावरण के लिए लाभकारी

एसोसिएशन ने बताया कि वैज्ञानिक शोधों के अनुसार सल्फर कोटेड यूरिया एक स्लो-रिलीज उर्वरक है, जिससे मिट्टी की खराबी में 25 से 30 प्रतिशत तक कमी आती है। इसकी उपयोग क्षमता 50 से 60 प्रतिशत तक होती है, जबकि सामान्य यूरिया की क्षमता मात्र 30 से 40 प्रतिशत रहती है। इसके अलावा, यह भूजल प्रदूषण को भी रोकने में सहायक है।

#### नीतिगत स्पष्टता की मांग

ज्ञापन में उर्वरक कंपनियों द्वारा एक ही ग्रेड के अलग-अलग मूल्य तय किए जाने पर भी आपत्ति जताई गई है। एसोसिएशन ने केंद्र सरकार से पुनः प्रत्येक ग्रेड की अधिकतम खुदरा कीमत तय करने और पोटाश की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण करने की मांग की है, जिससे गन्ना जैसी फसलों की पैदावार प्रभावित न हो। अंत में जिला अध्यक्ष महेश जैन मोनू ने प्रधानमंत्री से इस विषय पर प्रत्यक्ष भेंट कर जमीनी समस्याओं और समाधानों पर विस्तार से चर्चा करने का समय देने की अपील की है।

---

## भाजपा का शोकसभा आयोजन

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित शोकसभा में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री महेश श्रीवास्तव एवं पार्षद रमेश गांधी की पूज्यनीय माता प्रेम बाई श्रीवास्तव के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया एवं इस पवित्र आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना कर दो मिनट का मौन रखा गया।शोकसभा में वक्ताओं ने उन्हें परोपकारी, धार्मिक और विदुषी महिला वताया। इस अवसर पर शोक व्यक्त करने वालों में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, बरिष्ठ नेता अशोक गोस्वामी,पूर्व अध्यक्ष गण प्रदीप चौबे, हरीराम निरंजन, जगदीश सिंह लोधी,निवर्तमान अध्यक्ष राजकुमार जैन, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला,बंशीधर श्रीवास, बलराम सिंह लोधी, चन्द्रशेखर पंथ उर्फ चंदू भैया, सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीकांत कुशवाहा, पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष जायसवाल, रमेश कुमार खटीक,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्ना लाल जैन सैदपुर, डा राजकुमार जैन,जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सड़ैया, धर्मेन्द्र पाठक,जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, गौरव गौतम, डा दीपक चौबे, अशोक रावत ,प्रभाकर शर्मा, शशिशेखर पाण्डेय, राजेश लिटौरिया, अजय जैन साईकिल,धर्मेन्द्र गोस्वामी, अनुराग जैन शैलू, भगतसिंह राठौर,मनीष पार्षद,ध्रुव सिंह सिसौदिया, दीपक पाराशर, मनीष सड़ैया, अवतार सिंह लोधी, मनोज खटीक,हरेन्द्र प्रताप सिंह बुंदेला, किंजल्क हुड्डैत,जगभान सिंह लोधी, अरविंद सिंघई, सचिन साहू आदि उपस्थित रहे।

---

### महादेव मंदिर पर हुआ कन्याभोज भंडारा

## महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक एवं अखंड संकीर्तन से गुंजायमान हुआ ग्राम तेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



ब्लॉक बिरधा अंतर्गत ग्राम तेरा में शिवरात्रि महा पर्व पर महादेव बाबा मंदिर पर अखण्ड संकीर्तन एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया, जो चौबीस घंटे ऊँ नमः शिवाय महामंत्र का उच्चारण कर समापन हुआ। समापन के अवसर पर संपूर्ण ग्राम की कन्याओं का कन्या भोज भंडारा किया गया। इस दौरान सभी ने महाशिवरात्रि धूम धाम से मनाई गई। सभी लोगों ने महादेव के जयकारे लगाकर गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम में सभी ग्रामवासियों का सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से सुरेश सिंह, रामसिंह, जगभान सिंह, भगवत सिंह बैस, भूपेंद्र सिंह, सुखपाल सिंह, देवेंद्र सिंह, शैतान राजा, महावीर सिंह, लोकपाल सिंह, रामू राजा, जानकी, रामकिशन नामदेव, बब्बू राजा, गोरेलाल, शिव प्रसाद, चंद्रभान कुशवाहा, चंद्रपाल सिंह, बड़े राजा, पंकज राजा, मोनू राजा, बबलू, गुडकू सेन आदि उपस्थित रहे।

---

### बहन के ससुराल पक्ष पर आरोप

## नाबालिग भाई की आत्महत्या मामले में प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली ललितपुर क्षेत्र से एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां एक युवक की मौत के बाद उसकी बहन ने अपने ससुराल पक्ष पर मानसिक प्रताडऩा का गंभीर आरोप लगाया है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर बीएनएस की धारा 108 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने थाना कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके भाई हर्षित उर्फ चिन्टू का शव 16 फरवरी 2026 को गोविंद सागर बांध में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था मृतक का शव तैरता हुआ बांध के किनारे आ गया मिला था घूमने वालों ने देखा तो उसकी सूचना पुलिस को दी थी मृतक बीते करीब आठ दिनों से मानसिक तनाव में था और लगातार परिवार को बता रहा था कि अजयगढ़ (जिला पन्ना, मध्यप्रदेश) निवासी लोकेश कुमार मांझी पुत्र जगदीश प्रसाद रैकवार और उसके परिजनों द्वारा उसे झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जा रही थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी पक्ष द्वारा बार-बार धमकाने और भविष्य बर्बाद करने की बात कहने से हरषित गहरे अवसाद में चला गया था। परिजन उसे समझाने का प्रयास करते रहे, लेकिन मानसिक दबाव के चलते उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि लोकेश कुमार मांझी और उसके परिजनों की प्रताडऩा के कारण ही उसके भाई ने अपनी जीवन लीला समाप्त की।

---

### महरौनी की मण्डी में घोटाला, पद पर रहते हुए अनैतिक रूप से मनमानी कर किया घालमेल

# 1.26 करोड़ के गबन का मामला दर्ज, पूर्व मंडी निरीक्षक पर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

महरौनी कृषि उत्पादन मंडी समिति में करोड़ों रुपये के कथित गबन का मामला सामने आया है। इस संबंध में कोतवाली महरौनी पुलिस ने मंडी समिति के सचिव की तहरीर पर पूर्व मंडी निरीक्षक/प्रभारी सचिव गिरजेश कुमार तिवारी के विरुद्ध आईपीसी की धारा 409 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। मामला वर्ष 2019 से 2024 के बीच का बताया जा रहा है, जिसमें सरकारी धन के दुरुपयोग और अभिलेखों के गायब होने के आरोप हैं। मंडी समिति सचिव अनूप सिंह यादव द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार गिरजेश कुमार तिवारी को 08 जुलाई 2019 को महरौनी मंडी समिति में प्रभारी सचिव के पद पर तैनात किया गया था। आरोप है कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने मंडी समिति के खातों और लेन-देन में अनियमितताएं कीं। विभागीय ऑडिट रिपोर्ट (वर्ष 2019-20 से 2022-23) में कुल एक करोड़ छब्बीस लाख इकहत्तर हजार नौ सौ सत्तर रुपये की वित्तीय अनियमितता/गबन सामने आया।

#### बार-बार नोटिस के बावजूद नहीं दिया जवाब

ऑडिट में गड़बड़ी उजागर होने के बाद मंडी समिति की ओर से आरोपी को कई बार लिखित नोटिस जारी कर राशि जमा कराने और स्पष्टीकरण देने को कहा गया, लेकिन न तो धनराशि जमा की गई और न ही किसी प्रकार का संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत किया गया। तहरीर में यह भी उल्लेख है कि आरोपी द्वारा मंडी समिति की फाइलें और पत्रावलियां विधिवत हैंडओवर नहीं की गईं, जिससे कार्यालयीन कार्य बाधित हुआ और राजस्व को नुकसान पहुंचा।

#### रिकॉर्ड गायब, जांच में बाधा

शिकायत में यह गंभीर आरोप भी लगाया गया है कि मंडी समिति में कई महत्वपूर्ण पत्रावलियां उपलब्ध नहीं हैं। रिकॉर्ड के अभाव में न केवल जांच प्रभावित हो रही है, बल्कि मंडी के दैनिक प्रशासनिक कार्य भी बाधित हैं। इससे शासन-प्रशासन को आर्थिक क्षति होने की बात कही गई है।

#### पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, जांच शुरू

प्राप्त तहरीर के आधार पर कोतवाली महरौनी में मुकदमा संख्या 0060/2026 दिनांक 16 फरवरी 2026 को दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले की विवेचना निरीक्षक निर्भय चंद्र को सौंपी है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान ऑडिट रिपोर्ट, बैंकिंग लेन-देन, मंडी अभिलेख और संबंधित अधिकारियों के बयान जुटाए जाएंगे। दोष सिद्ध होने पर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

#### प्रशासनिक हलकों में मचा हड़कंप

करोड़ों रुपये के इस कथित घोटाले के सामने आने से मंडी प्रशासन और जिले के प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों का कहना है कि सरकारी धन से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जरूरत पडऩे पर आर्थिक अपराध शाखा/विशेष टीम से भी जांच कराई जा सकती है। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है। आरोपी की भूमिका, धन के उपयोग और संभावित सहयोगियों की भी पड़ताल की जा रही है।

---

## जमीन माफियाओं का बड़ा खेल उजागर फर्जी बैनामों से करोड़ों की जमीन हड़पी

### 10 नामजद आरोपियों पर गंभीर धाराओं में एफआईआर

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र में जमीन से जुड़े एक बड़े और सुनियोजित फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर 10 नामजद आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक षड्यंत्र और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसी गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने आपसी साठगांठ कर फर्जी दस्तावेजों के सहारे उसकी पैतृक भूमि के बैनामे कर लिए, इतना ही नहीं सरकारी नाले को पाटकर अवैध कब्जा भी कर लिया, जिससे उसकी फसल नष्ट हो गई और उसे करीब 20 लाख रुपये का नुकसान उठाना पड़ा।

**न्यायालय के हस्तक्षेप से दर्ज हुई एफआईआर:** यह मामला थाना महरौनी में मु.अ.सं. 0059/2026, दिनांक 16 फरवरी 2026, समय शाम 5.08 बजे पंजीकृत किया गया। पीड़ित मान सिंह पुत्र मोतीलाल, निवासी ग्राम कुम्हैड़ी, थाना महरौनी ने आरोप लगाया कि उसने पहले भी उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजी थी, लेकिन थाना स्तर पर सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद न्यायालय की शरण लेने पर एफआईआर दर्ज की गई।

**फर्जी बैनामों से जमीन हड़पने का आरोप:** वादी के अनुसार, उसकी भूमि खाता संख्या 862, गाटा संख्या 3051 से संबंधित है, जिस पर उसका वैध और दर्ज स्वामित्व है। आरोप है कि मुख्य आरोपियों ने यह जानते हुए भी कि भूमि उनके नाम दर्ज नहीं है, वर्ष 2021 से 2022 के बीच फर्जी बैनामे तैयार कराए। इन बैनामों में जानबूझकर ग्राम कुम्हैड़ी की जगह अन्य गांव के नक्शे व चौहद्दी दर्शाई गई, ताकि वास्तविक स्थिति छिपाई जा सके। बैनामे में भुगतान के लिए बैंक चेक दिखाए गए, जबकि वास्तविक रूप से कोई वैध लेन-देन नहीं हुआ। एफआईआर में यह भी आरोप है कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे सरकारी नाले को मिट्टी से पाटकर उस पर कब्जा कर लिया।